## सार-संक्षेप

### छात्रों से भरी बोलेरो पलटी, सभी बाल-बाल बचे



**कोरबा-दीपका,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के कोयलांचल हरदीबाजार-दीपका क्षेत्र में सडक़ों की बदहाली के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे घटित हो रहे हैं। सडक़ों पर कहीं गड्ढे तो कहीं बेतरतीब खड़े वाहन तो इनसे बच-बचाकर निकलने की कोशिशों में हादसे हो रहे हैं। सडक़ों के किनारे समतल नहीं होने के कारण सडक़ से वाहनों के उतर जाने से भी हादसे बढऩे लगे है। इसी क्रम में आज सुबह एक हादसा हो गया। हर दिन की तरह बोलेरो क्रमांक-सीजी-04एचए-3415 स्कूली बच्चों को बिठाकर हरदीबाजार से दीपका स्कूल छोडऩे के लिए रवाना हुई थी। चालक मार्ग से गुजर रहा था कि दीपका मार्ग में बोलेरो अनियंत्रित होकर सडक़ से उतरकर पलट गई। जिस जगह पर बोलेरो एक तरफा होकर पलटी वहां झाडिय़ां और मिट्टी का टीला होने के कारण बोलेरो जाकर थम गई वरना पूरी तरह पलट जाती तो हादसे का स्वरूप कुछ और हो सकता था। बोलेरो में स्कूली बच्चे सवार थे जिन्हें चालक व मौके पर मौजूद लोगों ने बाहर निकाला। सौभाग्यवश इस घटना में किसी भी विद्यार्थी को ज्यादा चोटें नहीं आई है और सभी सुरक्षित है। बता दें कि कोयलांचल की सडक़ों की बदहाली दूर करने के लिए लगातार आंदोलन पर आंदोलन हो रहे हैं लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इन रास्तों पर आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं हो रही है।

### एबीवीपी की बहनों ने ट्रैकर डॉग बाघा को बांधी राखी



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी में रक्षाबंधन का त्यौहार बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। भद्रा के कारण यह पर्व कल कुछ घण्टे के लिए शुभ रहा तो इसके कारण आज भी अधिकांश लोग त्यौहार मना रहे हैं। रेशमी धागों में लिपटा बहनों का स्नेह न सिर्फ भाईयों की कलाई पर सजा बल्कि इंसानी जज्बातों का यह धागा बेजुबान लेकिन काफी तेजतर्रार, पुलिस के खोजी डॉग बाघा की कलाई पर भी बांधा गया। बाघा को कुशल मार्गदर्शन देने और पूर्ण देखभाल करने वाले ट्रेनर सुनील गुप्ता को भी रक्षासूत्र बांधा गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मनीषा सोनी, रिया सोनी, ऋचा गुप्ता, प्राची शर्मा, नैना साहू, निशु पटेल, स्नेहा पटेल ने जिला पुलिस लाइन (रक्षित केंद्र) पहुंचकर बाघा को राखी बांधी। इसके पहले उसे तिलक भी लगाया। बाघा ने इन्हें उपहार में चॉकलेट्स भेंट किया। इन्होंने बताया कि हम लोग 4 वर्ष से बाघा को राखी बांध रहे हैं। इसका कारण यह है कि एक जानवर होकर भी बाघा ने जिले में अनेक ऐसे अपराधों को सुलझाने में मदद की है जिसका कोई अनुमान नहीं लगा सकते और एक कर्मठ सिपाही के रूप में हमारे ज़िले में मौजूद है। बाघा के कारण हम बहनों में एक उत्साह एवं गौरव है और हमारी मदद के लिए वह हमेशा मौजूद रहे,ऐसी कामना व आशीर्वाद भी है। बाघा ने न सिर्फ कोरबा जिला बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में अपना एक अलग पहचान बनाई है जिससे हम सभी बहुत प्रभावित होते हैं। इन्होंने कहा कि इंसानों के साथ-साथ हम प्रकृति और बेजुबानों में भी वही स्नेह और खुशियां बांटें तो समाज में एक अच्छा सन्देश भी जाएगा। इस दौरान अभाविप के मोन्टी पटेल व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी - लखनलाल



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भोजली पर्व जिले में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाता है। भोजली अनादि काल से चली आ रही छत्तीसगढ़ी परंपरा व संस्कृति का अभिन्न अंग है।

उक्त बातें कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने तुलसीनगर एवं रूमगरा में महिला समूह तथा शिवनगर में आयोजित भोजली कार्यक्रम में व्यक्त किए। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतीक एवं परंपरा है। छत्तीसगढ़ के तीज-त्यौहार को सहेज कर रखना हम सबका महत्वपूर्ण कर्तव्य है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भोजली पर्व मूलतः अन्न देवी एवं प्रकृति की सेवा का पर्व है। अंकुरित बीज के पल्लवित रूप की भोजली माता के रूप में सेवा की जाती है। इससे पहले भोजली बुधवारी से निकलकर तुलसी नगर होते हुए कर्मा मंदिर पहुंची। श्री देवांगन ने भोजली माता की पूजा-अर्चना कर जिलावासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, कृष्ण यादव, गजेंद्र मानसर, लक्ष्मण श्रीवास, गिरजा साहू, केवल साहू, लोकनाथ साहू, दिनेश साहू, नरेंद्र पाटनवार, संजय कुर्मवंशी, योगेश्वरी साहू, बालाराम साहू, गोरे साहू, देवकी साहू, वंदना साहू, रजनी साहू, वृंदा साहू, ठाकुर राम, घनश्याम साहू व महिला समूह एवं शिवनगर के लोग उपस्थित थे।

# मिनी पीएचसी की सुरक्षा का एक यह भी अंदाज, 3 साल से इसी हालत में

### तार की घेराबंदी उखडऩे के बाद से सुध नहीं लिया निगम प्रशासन ने



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सरकारी भवन निर्माण के बाद इसकी सुरक्षा के लिए मुख्य द्वार के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाया गया जो कुछ ही महिने तक टिक पाया। इसके बाद से लेकर आज तक लगभग 3 साल एकमात्र दरवाजा नजर आता है जो सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यहां से गुजरने वालों के लिए हास्य का विषय अक्सर बना रहता है।

तस्वीर में नजर आ रहा भवन नगर पालिक निगम के वार्ड 4 में मुक्तिधाम के निकट निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र हैं जिसका निर्माण 24.83 लाख की लागत से तत्कालीन महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में हुआ और 5 दिसंबर 2017 को इसका लोकार्पण उन्हीं के द्वारा किया गया। बाद में इसी उप स्वास्थ्य केन्द्र में मोहल्ला क्लीनिक वार्ड 4 देवांगनपारा का लोकार्पण राजस्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य में 23 अगस्त 2020 को किया गया। उक्त भवन के निर्माण उपरांत सुरक्षा के लिए सामने मुख्य द्वार के अगल-बगल भवन तक सीमेंट के खंभा में तार लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया गया था। यह सुरक्षा घेरा असामाजिक तत्वों का शिकार हो गया और तार कोई ले गया। नीचे उप स्वास्थ्य केन्द्र है और ऊपर स्वास्थ्य कार्यकर्ता का आवास है। उपरोक्त भवन के सामने से गुजरने वालों की नजर अनायास ही यहां खड़े एकमात्र गेट पर ठहर जाती है और उनकी हंसी भी छूट जाती है कि आखिर ये कैसी सुरक्षा? यहां कोरोना काल में टीकाकरण की गतिविधियां भी हुई और निगम के अधिकारियों का भी आना-जाना होता रहा लेकिन सुरक्षा घेरा के विषय में कभी भी कोई पहल होती नजर नहीं आई। सुरक्षा घेरा के अभाव में गेट के दोनों तरफ खुला होने से मवेशी और जानवर आकर गंदगी करते हैं जिससे यहां आने वालों को परेशानी भी होती है।

# 5 घंटे चक्काजाम के बाद पीडब्ल्यूडी ने दिया लिखित आश्वासन



### जर्जर सडक़ की मरम्मत और निर्माण अधूरा होने से परेशान हैं क्षेत्रवासी



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सर्वमंगला से बांकीमोंगरा सडक़ की जर्जर हालत को सुधारने एवं फोरलेन सडक़ के निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग को लेकर भैरोताल वार्ड की पार्षद व एमआईसी सदस्य सुरती कुलदीप के नेतृत्व में प्रेमनगर में सैकड़ों लोगों ने सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चक्काजाम कर दिया।

चक्काजाम में बैठे आंदोलनकारियों ने मौके पर पहुंचे तहसीलदार भरत भारद्वाज से चर्चा करने से इनकार कर दिया। आंदोलनकारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग की। इसके पश्चात पीडब्लूडी के अधिकारी एसडीओ दोपहर 3 बजे आंदोलनस्थल पर पहुंचे। लिखित समझौता की मांग पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने लिखित समझौता दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से सडक़ के सभी गड्ढे को ठीक करने का काम शुरू किया जायेगा। दिन में तीन बार सडक़ पर पानी का छिडक़ाव करने, कोलार नाला पुलिया मरम्मत का काम शुरू करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि वार्ड पार्षद सुरती कुलदीप ने 23 अगस्त को ही कलेक्टर को सडक़ की जर्जर हालत को लेकर ज्ञापन दिया था। ज्ञापन पर कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर आज चक्का जाम किया गया। चक्काजाम में छतराम साहू अधिवक्ता, जनवादी महिला समिति की राज्य संयोजिका धनबाई कुलदीप, सीटू नेता जनक दास कुलदीप, माकपा के पूर्व राज्य समिति सदस्य सुखरंजन नंदी, अनिल अग्रवाल, चंद्रमणि रेड्डी, लंबोदर दास, प्रताप महंत, भागीरथी, मनीष अग्रवाल, सूरज लाल चंद्रा, नरेंद्र साहू, लक्ष्मण खुंटे, जीनी, दुजे सूर्यवंशी, राम रतन, अक्षय, वसीम, तिलवा बाई, रुकमणी, अनिता, ज्योति कुलदीप, राम बाई, पांचो बाई सहित स्थानीय सैंकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## दीपका थाना प्रभारी भेजे गए लाइन

**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने गुरुवार को दीपका थाना प्रभारी तेज कुमार यादव को प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यंत तक पुलिस लाइन कोरबा संबद्ध किया है। एकल आदेश पर एक थाना प्रभारी को हटाए जाने की चर्चा महकमे में भी है। दीपका थाना क्षेत्रांतर्गत इस बात की चर्चा है कि दीपका-गेवरा क्षेत्र में पिछले दिनों हो रही छोटी-मोटी चोरियों के मामले ने प्रभारी को हटाने में अहम भूमिका निभाई है। एक ही रात में 8 दुकानों के ताले चोरों ने तोड़े थे लेकिन सफलता दीपका पुलिस को नहीं मिली। इसके अलावा और भी छोटी-छोटी चोरियां थाना क्षेत्र में होती रही लेकिन पीड़ितों को बिना रिपोर्ट के ही थाना से लौटाए जाने की बातें भी सामने आ रही थीं। इसके अलावा एसईसीएल की दीपका व गेवरा स्थित खदान जो दीपका थाना क्षेत्र में आती है, वहां भी श्यामलाल नामक शख्स के संरक्षण में बड़े पैमाने पर कराई जा रही डीजल की चोरी पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं होना कार्यशैली को संदेहास्पद बनाता रहा। पुलिस अधीक्षक यू. उदयकिरण के सख्त निर्देश के बाद भी पुलिसिंग में कसावट और बढ़ती चोरियों पर नियंत्रण एवं धरपकड़ की कार्यवाही अपेक्षाकृत नहीं हो रही थी। माना जा रहा है कि इन सब कारणों से दीपका थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया है।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अब 11 सितम्बर तक

### 2 व 3 सितम्बर को सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर भी

**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में अभी चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने तथा संशोधन के लिए 11 सितम्बर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान शनिवार, 2 सितम्बर और रविवार, 3 सितम्बर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में इसके लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपील की है कि वे सुदृढ़ लोकतंत्र एवं मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा अपने मताधिकार का उपयोग करें। पूर्व में यह अवधि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। आयोग ने इसके लिए अंतिम तिथि अब 11 सितम्बर 2023 तक बढ़ा दी है। आयोग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इस बारे में लिखित में संसूचित भी किया गया है।



## छूटे हुए लोग मतदान केन्द्र में जमा कराएं आवेदन

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-223 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के नागरिक जो किन्हीं कारणों से 31 अगस्त 223 तक अपना आवेदन या दावा-आपत्ति मतदान केन्द्र या बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा नहीं करवा पाए हैं, वे अब 11 सितम्बर 223 तक अपना आवेदन मतदान केन्द्र में जमा कर सकते हैं। आयोग ने इसमें सुविधा के लिए ऑनलाइन वोटर पोर्टल तथा वोटर्स हेल्पलाइन एप का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की अपील की है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-223 के लिए प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर तक किया जाकर इसका अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 223 को किया जाएगा।

## जिले में 1 से 7 सितंबर तक चलेगा साक्षरता सप्ताह

**कोरबा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिले में 01 से 07 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि साक्षरता सप्ताह के दौरान जिले के समस्त शासकीय/शासकीय महाविद्यालयों, हायर सेकेण्डरी/हाईस्कूलों में चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, निबंध, मेहंदी एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## स्वतंत्र कोल इंडिया मजदूर यूनियन की सभा आयोजित



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्र कोल इंडिया मजदूर यूनियन की सभा 26 अगस्त को सत्संग भवन, ठाकुरवाडी पुरी (ओड़िशा) में स्वतंत्र कोल इंडिया मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवलेश सुखदेवे की अध्यक्षता तथा स्वतंत्र मजदूर यूनियन महाराष्ट्र के महासचिव डीएम खैरे, सहसचिव गणेश उके की उपस्थिति में हुई।

सभा में कोल इंडिया कर्मचारियों तथा कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाईज असोसिएशन (सिस्टा) के पदाधिकारी भी शामिल हुए। डीएम खैरे ने स्वतंत्र मजदूर यूनियन की भूमिका रखी। गणेश उके ने ट्रेड यूनियन और एसोसिएशन के हक और अधिकार बताया तथा स्वतंत्र कोल इंडिया मजदूर यूनियन की शाखा एमसीएल, एसईसीएल में बनाने की अपील की। सभा में कोल इंडिया एससी/एसटी एम्प्लॉईज असोसिएशन (सिष्टा) के राष्टीय अध्यक्ष आरपी खांडे, डब्लूसीएल सिष्टा के महासचिव शुभांकूल रामटेके ने कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन (सिस्टा) के पदाधिकारीयों के साथ बातचीत करके स्वतंत्र कोल इंडिया मजदूर युनियन की शाखा बनाने के लिए आश्वासित किया। सभा में एसईसीएल के एआर सितार, एमसीएल (ओड़िशा) के छोटूराम नाईक, एमसीएल, सिष्टा के सचिव गोवर्धन नाईक, एमसीएल, सिष्टा के सचिव दशरथी नाईक, एमसीएल के कुंजा बिहारी, टीए, एमसीएल के अध्यक्ष गोकुला नाईक, बीओसीपी, एचए, सिस्टा के सचिव दुसमंत कुमार दास आदि उपस्थित थे।

## खेल दिवस पर हॉकी स्पर्धा में विजेता-उपविजेता पुरस्कृत

### महिला हॉकी संघ ने जीता अपना मैच



**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में जिला हॉकी संघ के द्वारा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अंबेडकर स्टेडियम बालको में किया गया। जिला हॉकी संघ के इस आयोजन में खेले गए मैच में जिला हॉकी संघ विजेता एवं बालको हॉकी संघ उप विजेता रही।

इसी प्रकार महिला खिलाडिय़ों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में साडा कन्या एवं जिला महिला हॉकी संघ की टीम में कड़ी स्पर्धा हुई। जिला महिला हॉकी संघ की टीम इसमें विजेता घोषित की गई। दोनों ही वर्गों में पुरूष एवं महिला खिलाडिय़ों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर आपसी सामंजस्य प्रदर्शित करते हुए मैच को जीतने की भरसक कोशिश की। मैच काफी रोमांचक रहा जिसका उपस्थित खेल प्रेमियों एवं अतिथियों ने भरपूर लाभ उठाया। इससे पहले दोनों वर्गों के खिलाडिय़ों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया व बेहतरीन खेल की शुभकामनाएं दी। अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया। खिलाडिय़ों में पुरूष वर्ग से प्रताप महंत, गोपाल दास, धनराज निर्मलकर, चंदन मौर्या, दुर्गेश, नैतिक, प्रभात, महेन्द्र चंद्रा, शिवम केंवट तथा महिला वर्ग में सिम्मी साहू, नंदनी खूंटे, चित्रलेखा कंवर, हेमा कंवर, रेशमी चौहान, चांदनी ध्रुवे, शीला यादव, लवली साहू, शालू यादव, आरती, निकिता ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष, सचिव वायएम कुरैशी, गोपाल शर्मा, नरेन्द्र साहू के अलावा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**0 मैराथन दौड़ में सलमान व शीला प्रथम**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग से प्रथम स्थान पर सलमान, द्वितीय देवेश व राहुल तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शीला यादव प्रथम, हेमा कंवर द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में धावक-धाविकाओं का सहयोग रहा।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

कोरबा-कुसमुंडा, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कुसमुंडा थाना अंतर्गत गेवरा बस्ती निवासी संतोष श्रीवास 25 वर्ष ने सरिता से एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। अंर्तजातीय विवाह से दोनों के घरवाले नाराज थे। इसके बाद से संतोष व सरिता अलग किराए का मकान लेकर रह रहे थे। संतोष निजी कंपनी में काम करता था। गुरुवार सुबह सरिता घर का काम कर रही थी। किसी काम से वो अंदर कमरे में गई, तो पति को फांसी पर लटका हुआ देखा। पत्नी ने तुरंत फांसी के फंदे को काटकर पति को नीचे उतारा। उस वक्त उसकी सांसें चल रही थीं तो हरदी बाजार शासकीय अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखकर उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया। जब वह निजी अस्पताल पहुंची, तो वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# शहर की जमीनों में हो रहा घोटाला, कलेक्टर से जांच की मांग

**कोरबा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर मांग की है कि कोरबा ऊर्जाधानी के जमीनों की जांच कराई जाए। बड़े पैमाने पर जमीनों का घोटाला यहां उजागर होगा।

विनोद सिन्हा ने कहा है कि कालातीत में कोरवा जनजाति के लिए आरक्षित था, जो आज एशिया महाद्विप का सबसे बड़ा कोयला खदान क्षेत्र घोषित है। यहां की भूमि कोयला कंपनी, कोरबा की रानी तथा वन भूमि, बड़े झाड़ के रूप में आजादी पूर्व थी। आजादी के बाद से गलत तरीके से शासकीय भूमि को निजी भूमि में बदल दिया गया है। उदाहरण के तौर पर कोयला खान होने के कारण खदानें बंद होने की स्थिति में अलग-अलग तरीके से भूमि हस्तांतरित किया गया है जैसे कोयला कंपनी की भूमि को कहीं किसान से, राजस्व विभाग, कहीं नजूल कहीं, नगर निगम आदि से भूमि रजिस्ट्री कराई गई है। शत-प्रतिशत रानी की जमीन को भी अवैध तरीके से अपने-अपने नाम से दर्ज करा कर हिंदुस्तान की सबसे बड़ी भूमि घोटाला कोरबा में किया गया है।



श्री सिन्हा ने बताया कि आजादी पूर्व रिकॉर्ड की जांच कर वर्तमान शासकीय भूमि, अवैध रूप से कैसे रजिस्ट्री की गई तथा हस्तांतरण कैसे की गई इसकी जांच आवश्यक है क्योंकि कोरबा की रानी अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने के कारण उनकी भूमि की खरीद-बिक्री नहीं हो सकती फिर भी भू माफिया खरीद-बिक्री करके अवैध कब्जा बनाए हुए हैं। आज भी हजारों एकड़ भूमि कोरबा में बड़े झाड़ यानी वन विभाग की है जो बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के अधिकतर एक-दूसरे के नाम से रजिस्ट्री स्थानांतरित होते रहा है। हसदेव नदी के किनारे सब्जी की खेती करने वाले को हटाकर भू माफियाओं ने हसदेव नदी की भूमि पर कब्जा कर लिया है जो भी जांच का विषय है। श्री सिन्हा ने मांग की है कि प्रशासन कोरबा की सभी भूमि की सूक्ष्म जांच कर भू माफिया या घोटालेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें ताकि भविष्य में शासकीय भूमि की हेरा-फेरी को रोका जा सके।

# सार-संक्षेप

## शराब तस्करी करने वाला पकड़ाया



**अम्बिकापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला आबकारी अधिकारी सरगुजा से मिली जानकारी के अनुसार 31 अगस्त 2023 को धौरपुर में अंबिकापुर वृत प्रभारी आनंद राम भोई आबकारी उपनिरीक्षक, लखनपुर एवं सीतापुर वृत प्रभारी सौरभ साहू आबकारी उपनिरीक्षक, एवं सरगुजा उड़नदस्ता में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक तेज राम केहरी को गश्त के दौरान प्राप्त सूचना पर 01 आरोपी के कब्जे से 35.116 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त कर धारा 34(1) (क), 34(2) व 59 क एवं धारा 36 के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में खेल दिवस व रक्षाबंधन पर हुए कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया।

विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद की जीवनी बतायी एवं खेल के प्रति उनके लगन और उत्साह की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। वहीं रक्षाबंधन के उपलक्ष में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसके अन्तर्गत राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं मेंहदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नर्सरी सेक्शन के नन्ही-मुन्नी बच्चियों ने अपने कक्षा के भाइयों को राखी बांध कर मुँह मीठा करवाया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्षा बंधन के पवित्र त्योहार का महत्व बताया साथ ही इस त्योहार को मनाने का उद्देश्य भी बताया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की शिक्षिका पूनम सोरेन की देखरेख में किया गया एवं पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## नजूल रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी



**मनेन्द्रगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विगत कई वर्षों से आज पर्यन्त तक मनेन्द्रगढ़ का नजूल क्षेत्र का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने के कारण यहाँ के नागरिकों एवं शासन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैद्य इसी परेशानी को देखते हुवे राजस्व एवं भू अभिलेख विभाग के माध्यम से कलेक्टर को इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुवे इसका निराकरण करने हेतु निर्देश दिये गये हैंद्य इस मामले में एस डी एम अभिलाषा पैकरा ने कलेक्टर के निर्देश पर नजूल क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रोधोगिकी परिषद द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया हैद्य इस संबंध में प्रथम चरण में चांदा मुनारा चिन्हांकन का कार्य पूर्व में कर लिया गया हैद्य द्वितीय चरण के कार्य के लिए सीकास्ट के महानिदेशक श्री एस.एस. बजाज के तत्वावधान में वैज्ञानिक श्री एम. के. बेग की सर्वे टीम श्री हेमन्त डनसेना एवं कमल किशोर साहू द्वारा ह्श्वस्ष्ट की टीम के साथ मिलकर 30अगस्त 2023को ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण किया गयाद्य सर्वे कार्य के दौरान नजूल तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

## वेतन वृद्धि आदेश के क्रियान्वयन के लिए संघ ने संचालक कृषि को ज्ञापन सौपा

**रायगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष शेख कलीमुल्लाह, छत्तीसगढ़ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष आर एल गुप्ता ने कहा कि कर्मचारी हितैषी आदेश जारी करवाने में संगठन को वर्षों लगते हैं संचनालय, मंत्रालय, कोषालय की सहमति के बाद ही आदेश जारी हो पाते हैं। यदि जारी आदेश का क्रियान्वयन ना हो तो कर्मचारियों में आक्रोश स्वाभाविक है।

छत्तीसगढ़ के कृषि विकास अधिकारियों को पदोन्नति पश्चात कोई आर्थिक लाभ प्राप्त नहीं हो रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रयास से समान वेतन बंद बैंड वा सामान ग्रेड-पे के पद पर पदोन्नति पश्चात एक वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने का आदेश 21 नवंबर 2022 को प्रसारित हुए तथा प्रदेश के समस्त संयुक्त संचालक कृषि तथा उप संचालक कृषि को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं सर्वेयर से कृषि विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति पश्चात वेतन निर्धारण वित्त निर्देश 21 ध् 2010 में विहित निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया गया लेकिन खेद का विषय है कि आदेश के बावजूद प्रदेश के किसी भी कृषि विकास अधिकारी को इसका लाभ नहीं मिला बल्कि कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय द्वारा इस पर आपत्ति लगाई जाने की जानकारी संगठन को प्राप्त हुई ,इसी परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विकास अधिकारी संघ के द्वारा अपर संचालक कृषि एस,सी पदम साहब को संचालक कृषि के नाम ज्ञापन देकर प्रदेश के समस्त उप संचालक कृषि को पुनः समय सीमा में आदेश की क्रियान्वयन की मांग की गई तथा कार्यालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा की जा रही आपत्ति का समुचित निराकरण करने की मांग की गई। संघ के प्रांत अध्यक्ष शेख कलीमुल्लाह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष आर एल गुप्ता कृषि विकास अधिकारी संघ के सचिव रमतु नेताम कोषाध्यक्ष मनोहर नेताम एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीना नेताम ने आशा व्यक्त किया है कि आदेश का क्रियान्वयन समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रदेश के सभी कृषि विकास अधिकारियों को इसका लाभ मिल सके।

# उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने केदमा में विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन

## 26 गांव के 3200 उपभोक्ताओ को मिलेगी लो वोल्टेज की समस्या से निजात

**अम्बिकापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने गुरुवार को जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत केदमा में 3 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र का भूमिजन किया।

उपमुख्यमंत्री श्री सिंह देव ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम पंचायत केदमा सरगुजा जिला मुख्यालय से दूरस्थ पंचयात है। दूरस्थ पंचायतों का विकास हमारी सरकारी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केदमा में विद्युत उपकेंद्र की मांग ग्रामीणों की ओर से आती रहती थी। जिसपर पहल करते हुए आज विद्युत उपकेन्द्र केदमा का भूमिपूजन किया गया। इस विद्युत उपकेंद्र के खुल जाने से 26 ग्रामों के 3200 से ज्यादा उपभोक्ताओं को लोवोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी।



इस अवसर पर पर श्रीमति भोजवंती सिंह अध्यक्ष जनपद पंचयात उदयपुर, जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह, श्रीमती शांति राजवाड़े जनपद सदस्य उदयपुर विधुत विभाग के शिरीष सेल्ट मुख्य अभियंता, आरके मिश्रा अधीक्षण अभियंता, आर नागवंशी कार्यपालन अभियंता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# रायगढ़ आरपीएफ में अब डॉग स्कायड भी

## आरपीएफ पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रेल सुरक्षा बल के प्रधान सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने कल रेल सुरक्षा बल के छावनी में मैं स्वान दस्ते के डाग कैनाल का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर, रायगढ़ रेल सुरक्षा पोस्ट प्रभारी सहित बल के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेल सुरक्षा बल के प्रधान सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद का रायगढ़ आगमन हुआ। रेल सुरक्षा बल के छावनी में सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सलामी सेल्यूट कर उनका अभिनंदन किया। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर ने उन्हें एक पौधा भेट स्वरूप सौंपा। तत्पश्चात आईजी श्री खुर्शीद ने डॉग कैनल दस्ते के नव निर्माणाधीन भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। स्वान दस्ते का नवनिर्मित भवन केसे बना अंदर जा कर निरीक्षण करके बाहर निकले श्री खुर्शीद ने मीडिया से रूबरू होकर स्वान दस्ते के बारे में बताया कि रायगढ़ अभी एक स्वान दस्ता मिला है। बाद में एक और स्वान रायगढ़ को मिलेगा। लैब्राडोर नस्ल का यह स्वान बारूद और चोरी को पकड़ने में माहिर है इस स्वान के आने से रेल सुरक्षा बल रायगढ़



खासकर चोरी जो की रेल से संबंधित रहती है में निराकरण करने में बहुत सहायता प्राप्त होगी इसके बाद श्री खुर्शीद ने रायगढ़ पोस्ट पहुंचकर सभी अधिकारी कर्मचारियों को मोटिवेट किया और उन्हें सुरक्षा सम्मेलन लेकर रेल सुरक्षा बल को लेकर जो कार्य हमें करने को शासन से मिला है उसे हमें पूरी निष्ठा के साथ करना है सभी अधिकारी कर्मचारियों के समस्याओं को भी श्री खुर्शीद ने गंभीरता से सुनकर उसकी तत्काल निराकरण करने के निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी को दिए।

पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा सम्मेलन कर बल के जवानों को अनुशासन एवं गरिमा को ध्यान में रखकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य निष्पादन हेतु जोर दिया गया तथा रेलवे संपत्ति, यात्री एवं यात्री परिसर की सुरक्षा हेतु अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु छापामारी की कार्यवाही के निर्देश दिए। रिकार्ड, रजिस्टर, एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन किया। कर्मचारी और अधिकारियों ने श्री खुर्शीद की बातों को ग्रहण कर रेल सुरक्षा बल के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली है अधिकारी कर्मचारी रेल संबंधी अपराधों को रोकने के लिए हमेशा अलर्ट और सजग रहे। इस दौरान बैरक प्रांगण में श्री खुर्शीद और श्री तोमर ने पौधरोपण किया।

## लैलूंगा पुलिस ने घूमंतू पशुओं के गले में बांधी रेडियम

**रायगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सड़क पर बैठे मवेशियों को चलते होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए लैलूंगा पुलिस ने सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम की पट्टी बांध रही है, ताकि पशुओं के साथ राहगीर भी सुरक्षित रहें और पशुओं के चलते होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। इसी कड़ी में कल प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन लखीसरानी, निरीक्षक मोहन भारद्वाज थाना प्रभारी लैलूंगा अपने मातहत स्टाफ के साथ सड़कों पर घूम रहे मवेशियों के गले में रेडियम की पट्टी लगाया गया।

## हेल्पिंग हैंड के मनोज ने मूक बाधिर आश्रम में मनाया जन्मदिन

**खरसिया** 31 अगस्त (देशबन्धु)।आज के जमाने में जहां अपना जन्म दिवस मनाने के लिए लोग बड़े-बड़े होटलों या बड़े हिल स्टेशनों मैं जाते हैं वहीं हेल्पिंग हैंड के प्रदेश संयोजक मनोज गोयल ने अपना जन्म दिवस रायगढ़ के आगे बड़गांव स्थित मुक बधिर आश्रम के बच्चों संग मनाया हेल्पिंग हैंड के सदस्यों से मिलकर बच्चों की खुशियां देखते ही बन रही थी। मनोज गोयल ने मासूम बच्चो के साथ मिलकर केक काटा बच्चो ने भजन एवं देश भक्ति के गाने गाये। बच्चो को तरह तरह के फल , व्यंजन , आदि वितरण किया एवं साथ में बैठकर खाना खाया।

# 131 लाख टन धान से बना 86.50 लाख टन चावल खरीदने केंद्र सरकार तैयार

## भूपेश सरकार इस तथ्य को झूठलाकर बताए - ओपी

**रायगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हो रही धान खरीदी मे केंद्र सरकार के योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चैधरी ने पांच वर्षो के आंकड़े साझा किए। साथ ही भूपेश सरकार को सार्वजनिक मंच से चुनौती देते हुए कहा हिम्मत है तो सरकार इन आंकड़ों को झुठलाए।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017-18 में केंद्र ने 24 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदा जबकि प्रदेश सरकार द्वारा 36 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। वर्ष 2018-19 में 24 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदा गया जबकि राज्य सरकार द्वारा 36 लाख मेट्रिक टन धान खरीदा गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। राज्य सरकार द्वारा खरीदे गए धान को स्थानीय राइस मिलरो द्वारा चावल में बदला जाता है। धान से चावल बनाने की प्रक्रिया के दौरान केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को धान का समर्थन मूल्य धान खरीदी हेतु बोरे सुतली की धन राशि राइस मिल तक धान परिवहन की राशि मुहैया कराई जाती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान केंद्र सरकार ने 61 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदा राज्य सरकार ने 95 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी की। राज्य सरकार द्वारा खरीदे गए 95 लाख टन धान में से 92 लाख मेट्रिक टन धान द्वारा निर्मित चावल केंद्र की सरकार द्वारा खरीदा गया।



वर्ष 2022-23 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 61 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदा गया राज्य सरकार ने 107 लाख टन धान खरीदा। राज्य सरकार ने 91 लाख टन चावल खरीदा। केंद्र सरकार ने प्रदेश के किसानो के हित को देखते हुए ढाई गुना चावल खरीदी का कोटा बढ़ाया गया। श्री चैधरी ने धान खरीदी के आंकड़ों को सार्वजनिक करते हुए बताया कि वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा खरीदे गए धान का 97ः हिस्सा केंद्र द्वारा चावल के रूप में क्रय किया गया वही 2022-23 में राज्य सरकार द्वारा खरीदे गए धान का 86ः हिस्सा चावल के रूप में केंद्र सरकार द्वारा खरीदा गया। केंद्र सरकार द्वारा खरीदे गए चावल के आंकड़ों के जरिए ओपी चैधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती देते हुए कहा हमारे द्वारा पेश किए गए आंकड़ों में कोई त्रुटि हो तो उन्हे सार्वजनिक बयान देकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यदि नही तो साफगोई से स्वीकार करना चाहिए कि केंद्र के मोदी सरकार के कारण ही 2021-22 में 97ः धान के चावल वर्ष 2022-23 के दौरान 86ः धान के चावल की खरीदी संभव हो पाई।

# दो कीटनाशक विक्रेताओं को नोटिस



**सक्ती** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा कीटनाशक दवा विक्रेताओं के विक्रय परिसर का निरंतर जांच किया जा रहा है। निजी विक्रेताओं के साथ साथ अब सहकारी क्षेत्र के विक्रेताओं पर भी नजर रखी जा रही है।

कलेक्टर सक्ती श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले के निजी क्षेत्र के साथ साथ सहकारी क्षेत्र के दुकानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिवस अनुविभागीय स्तरीय निरीक्षण टीम के द्वारा सेवा सहकारी समिति जर्वे का औचक निरीक्षण किया गया। समिति में भंडारित 20 कीटनाशक दवाओं का स्त्रोत प्रमाण पत्र नहीं पाया गया। निरीक्षण टीम के द्वारा सभी दवाओं को 21 दिन का विक्रय प्रतिबंधित कर समिति को नोटिस जारी किया गया है।

विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के कीटनाशक दवा दुकानों का भी जांच किया जा रहा है। डभरा क्षेत्र के कुसुमझार में संचालित जायसवाल कृषि केंद्र के विक्रय परिसर में एक्सपायरी डेट की हेकसाकोनाजोल एवं बिफ्रेनथीन नामक दवा बरामद हुई है। निरीक्षण टीम डभरा के द्वारा इन दवाओं को सील बंद करते हुवे अलग कर जांच के दायरे में रखा गया है तथा विक्रेता को नोटिस जारी किया गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

# समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन पर कृषि विभाग के मैदानी अमले को दिया गया प्रशिक्षण

**सक्ती** 31 अगस्त (देशबन्धु)। किसानो द्वारा खेती में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक दवा का असंतुलित उपयोग करने पर मिट्टी की उर्वरक क्षमता कम होती है और उपजाऊ पन घटता है। उर्वरक एवं कीटनाशक दवा के असंतुलित उपयोग से अनाज की गुणवत्ता प्रभावित होती है साथ ही मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव भी पड़ता है। उपसंचालक कृषि विभाग सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि उत्पादन आयुक्त छत्तीसगढ़ राज्य के द्वारा नत्रजनीय उर्वरक के अधिक उपयोग पर रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित कर कृषि विभाग के मैदानी अमलो को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर के वैज्ञानिकों द्वारा मैदानी अमलो को प्रशिक्षण दिया गया। उनके द्वारा उर्वरको के संतुलित उपयोग तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी गई।



कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजीव दीक्षित ने कहा कि किसानो द्वारा नत्रजनीय उर्वरक यूरिया का अधिक उपयोग करने से मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होती है और मिट्टी अम्लीय होने से धीरे धीरे मिट्टी की उपजाऊ पन कम होती है। उन्होंने कहा कि किसानों को समझाइश दी जाये कि नत्रजनीय उर्वरक का उपयोग कम करें, पोटास का उपयोग करें, साथ ही गोठानो में मिलने वाली वर्मीखाद का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि किसानों को जागरूक किया जाये कि नत्रजन, स्फुर, पोटास का संतुलन बनाए रखें, इसके साथ ही जिंक , सल्फर, कैल्शियम फास्फोरस आयरन जैसे माइक्रोन्यूट्रींस खाद का उपयोग करें। जिससे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनी रहेगी।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक शशिकांत सूर्यवंशी ने कहा कि सही समय पर, सही मात्रा में, सही खाद का उपयोग करने पर भी अधिकतम उपज प्राप्त हो सकती है। अधिक मात्रा में यूरिया के उपयोग से पौधा हर भरा होता है, पर कीट व्याधि की आक्रमण बढ़ती है। जिसके बचाव के लिए कीटनाशक दवा का उपयोग करना पड़ेगा। इससे अनावश्यक खर्च बढ़ेगा, तथा मिट्टी भी प्रदूषित होगी। उप संचालक कृषि सक्ती ने कहा कि यूरिया के अधिक उपयोग से खेती में लाभ नहीं होगा। इसलिए किसान मैदानी अमलो के सलाह के अनुसार खाद का उपयोग करें। इससे स्वयं का अनावश्यक खर्च नहीं होगा साथ ही मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी बनी रहेगी। इस कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी कृषि कृतराज, सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं सभी विकास खंड के मैदानी अमले उपस्थित थे।

## हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारियों को एस्मा का नोटिस

**मनेंद्रगढ़**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा द्वारा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन संघ द्वारा 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को एस्मा एक्ट के अंतर्गत तत्काल हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं उनके कार्य क्षेत्र में अनुपस्थिति के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त हड़ताल में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि लोग सम्मिलित हैं। एस्मा एक्ट के तहत जारी नोटिस के बावजूद यदि अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी ज्वाइन नहीं करते हैं तो भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने क्षेत्रवासियों से सुझाव लेने निर्देश

**अम्बिकापुर** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के अम्बिकापुर विधानसभा के शहरी क्षेत्रों में विधानसभा आम निर्वाचन 2018 में मतदान केन्द्रों में सामान्य औसत से कम मतदान होने के कारण मतदान केंद्रों में जागरूकता हेतु सरगुजा के अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कंवर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में कम मतदान होने के कारणों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। श्री नूतन ने प्रभारी अधिकारियों को सौंपे गए मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी एकत्र किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ से समन्वय स्थापित कर मतदान प्रतिशत कम होने का कारण, मतदान केंद्र स्थल पर क्षेत्रवासियों से मतदान कम होने का कारण पता कर लिए जाएं।

बैठक में मतदान केंद्र प्रभारी अधिकारियों को केंद्र स्थल पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु क्षेत्रवासियों से सुझाव लिए जाने कहा गया, ताकि ऐसे क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। इसके साथ ही कारण पता चलने के बाद मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्राप्त सुझावों के आधार पर विशिष्ट कार्ययोजना तैयार करें, प्रस्तावित कार्ययोजना के आधार पर वार्ड सभा आयोजित कर स्थानीय मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि वार्ड सभा में तैयार कार्ययोजना के आधार पर मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत निवासरत युवाओं का प्रेरणादल तैयार कर शत-प्रतिशत मतदान हेतु कार्ययोजना व कार्ययोजना के आधार पर सतत क्रियान्वयन किया जाएगा।



जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन ने बैठक में कहा कि मतदान क्षेत्र से संबंधित महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट गाईड एवं रेडक्रॉस के प्रभारियों की बैठक आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप गतिविधियों के आयोजन हेतु अपील करें। मतदान केंद्र स्थल में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जाए तथा केंद्र के समीप स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान उन्होंने सभी मतदान केंद्र प्रभारी अधिकारियों को आगामी 02 एवं 03 सितंबर को विशेष शिविर के माध्यम से मतदान केंद्रों तथा क्षेत्र का भ्रमण कर बीएलओ एवं अविहित अधिकारी से संपर्क कर उन्हें मार्गदर्शन किए प्रदान किए जाने कहा। बैठक में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ एस एन पाण्डेय, नोडल प्रध्यापक स्वीप श्री संजीव लकड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में जया व ज्योति का चयन




**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरा से 23 वी राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में जया साहू पिता भागीरथी साहू अवरीद व ज्योति बर्मन पिता भगवत प्रसाद बर्मन ग्राम सेमरा का चयन हुआ है। दोनों छात्राएं आज खैरागढ़ के लिए रवाना हो चुकी हैं। खैरागढ़ में एक से 4 सितंबर तक प्रतियोगिताएं संपन्न होंगे, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन पर शाला के प्रभारी प्राचार्य जेपी साहू, ललित कश्यप, पीली हरिवंश, नम्रता दुबे, परमानंद साहू ,नरेश चौहान, शैलेंद्र कश्यप, मुकेश सिंह, मोना यादव, आदर्श, गौरव कश्यप एवं गांव के पंच सरपंच ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। सफलता का श्रेय बच्चों ने अपने राष्ट्रीय कोच अशोक साहू को दी।

### सभी मतदान केन्द्रों पर 2 व 3 सितंबर से विशेष शिविर

**सक्ती** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संबंध में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 में दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त को बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 सोमवार तक किया गया है। अब निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने सहित मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन और लिंग, आयु, पता इत्यादि संशोधन का कार्य उक्त नियत तिथि तक किया जाएगा।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि अब राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में 02 सितंबर शनिवार एवं 03 सितंबर रविवार को पूर्व की भांति विशेष शिविर का आयोजन भी किया जावे। उक्त शिविर तिथियों पर सम्बंधित मतदान केन्द्रों के लिये नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी, अभिहित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में कार्यालयीन निर्धारित समयावधि में अनिवार्यत: आवश्यक फार्मों के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जावे। निर्धारित तिथि 11 सितम्बर 2023 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर 2023 तक किया जाकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 04 अक्टूबर 2023 को किया जावेगा। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित अवधि एवं मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजन के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराते हुए जमीनी स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार करने कहा गया है।

### 30 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)।30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 30 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रिंगनी निवासी हेमंत खूंटे द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है, सूचना पर विशेष टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया जिसके कब्जे से जरीकेन में रखे 30 लीटर कच्ची महुवा शराब बरामद किया जाकर आरोपी हेमंत खूंटे उम्र 45 वर्ष साकिन रिंगनी थाना शिवरीनारायण के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध, किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी पारस पटेल, मुकेश पाण्डेय, राजकुमार चंद्रा, बलबीर सिंह, मनोज तिग्गा महिला आर दिव्या सिंह, भारती पूजा कटकवार का योगदान रहा।

**12 लीटर कच्ची महुवा शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार**

ग्राम उदयपुर थाना बलौदा के बाडी में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि आज मुखबिर सूचना मिला कि ग्राम उदयपुर में परदेशी धनुहार अपने बाडी में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है , सूचना पर आरोपी का बाडी के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जो परदेशी धनुवार अपने बाडी में उपस्थित मिला जिसके कब्जे से जरिकेन में अवैध हाथ भठ्ठी का कच्ची महुआ शराब जुमला 12 लीटर मिला जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर मौके पर शील बंद कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी परदेशी धनुहार पर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा, प्र0आर0 गजाधर पाटनवार, आर. अमन राजपूत, संतोष रात्रे, हेमंत साहू, श्याम राठौर का योगदान रहा।

### मूकबधिर बेटियों से राखी बंधवाई चंदेल ने



**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। गत् दिवस जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम खोखरा मनका दाई मंदिर परिसर में स्थित वृद्धाश्रम में रक्षा बंधन के पर्व पर अचानक पहुंचे नेता प्रतिपक्ष चंदेल। वहां पर उपस्थित वृद्धजनों से उन्होनें भेंट किया, सभी का हाल-चाल पूछा तथा वहां पर मौजूद मूकबधिर बेटियों से उन्होंने राखी बंधवाकर रक्षा बंधन का पावन पर्व मनाया, साथ ही सभी वृद्धजनों व बेटियों को फल, मिष्ठान का वितरण किया इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने इस वृद्धाश्रम के संचालक से सारी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष एवं नपपा उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेका गोपाल, जांजगीर-ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, मण्डल महामंत्री अजय राठौर, मनहरण विजयवार, वृद्धाश्रम के संचालक डीपी बर्मन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकगण व भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# सूखे की चपेट में धान की फसल: टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी



**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। इन दिनों बारिश नहीं होने से किसानों के माथे में चिंता की लकीरें पड़ने लगी है। सिंचाई के लिए नहर से पानी तो छोड़ा गया है, लेकिन टेल एरिया तक नहर का पानी नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों को सिंचाई की समस्या से जूझना पड़ रहा। मॉनीटरिंग के लिए सिंचाई विभाग का अमला गांवों में नहीं पहुंचती। इसके कारण किसानों को सूखे की समस्या सामने दिखाई दे रही है।

क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने से किसानों का खेत सूखने की कगार पर है। नहर में पानी छोड़ दिया गया है, लेकिन पानी टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा। सिंचाई के लिए बनाई गई नहरों मेंटेनेंस कार्य कागजों में होने से किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा। विशेषकर बलौदा, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर, सक्ती क्षेत्र के किसानों को पानी की चिंता सबसे अधिक सता रही है। क्षेत्र में नहर का जाल फैला जरूर है, लेकिन कई जगह तकनीकी खमियों के कारण सिंचाई नहीं हो पाती। ऐसे में बोर के पानी से या फिर नहर में मोटरपंप लगाकर अपासी कराई जा रही है।

### धान की फसल हो रही खराब, पड़ी दरार

अकलतरा क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी की कमी से दरार पड़ने लगी है। अब किसान धान की फसल को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि फसल ठीक नहीं हुई तो उनके द्वारा धान की फसल के लिए बैंकों से लिए गए केसीसी ऋण व यूरिया एवं डीएपी के खाद के लिए गए कर्ज चुकाने में परेशानी होगी। किसान डिफाल्टर भी हो सकते हैं साथ ही साथ उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र के गांव पोड़ीदलहा में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में धान की फसल उगाई जाती है। गांव के खेतों में टेल एरिया तक नहर का पानी नहीं पहुंचने से गांव के सैकड़ो किसान बारिश के पानी में धान की फसल उगाने के लिए मजबूर होते हैं।

### सरकारी बांध अनुपयोगी

सिंचाई विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार अकलतरा क्षेत्र में पांच अलग अलग स्थानों पर जलाशय बनाए गए हैं। रिकॉर्ड के अनुसार कर्रानाला बांध शत प्रतिशत भर चुका है, जबकि पोड़ीदल्हा जलाशय मात्र 2 प्रतिशत भरा है। कटघरी में दो जलाशय हैं। यहां का नंबर एक जलाशय 3 प्रतिशत, नंबर 2 जलाशय 2 प्रतिशत भरा है। वहीं बरपाली का जलाशय 35 प्रतिशत भरा है। इन बांधों से 32 सौ 13 एकड़ धान की सिंचाई की जा सकती है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नपा में कबाड़ में तब्दील हो रही लाखों की मशीनरी

## मेंटेनेंस नहीं होने से शासन को लगा रहा लाखों का चूना



**चांपा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद चाम्पा द्वारा शहर वासियों को बेहतरीन सुविधा प्रदान के लिए लाखों की लागत से गाड़ियां खरीदी गई लेकिन गाड़ियों को देख-रेख के अभाव में गाडियां कबाड़ में तब्दील हो चुकीं है। नगर पालिका द्वारा कई सालों से गाड़ियों को उपयोग नहीं करने से लाखों का सरकार चूना लग रहा हैं नगर पालिका के द्वारा लोगों से हर चीजों पर टैक्स लिया जाता है यही टैक्स सरकार तक पहुंचता है और फिर जनता की सुविधाओं के लिए वापस भेज दिया जाता है लेकिन इन पैसों को किस तरह से बर्बाद किया जाता है इसका एक नजर चाम्पा नगर पालिका की ओर देखा जा सकता है खास बात यह है कि खराब गाड़ियों को रिपेयरिंग नहीं की जाती हैं क्योंकि नगर पालिका के द्वारा गाड़ियों का रिपेयरिंग करना अपना तोहीन समझता है कई सालों से गाड़ियों के उपयोग नहीं होने से नगर पालिका के द्वारा कबाड़ में फेंक दिया गया है नगर पालिका के द्वारा स्थापित जगहों पर गाड़ियों के लिए कबाड़खाना बना दिया गया है नगर पालिका के द्वारा गाड़ियों के देखरेख अभाव में कबाड़ होने लगीं हैं जिसका खामियाजा सरकार को लाखों करोड़ों रुपए की भुगतना पड़ता है। सूत्रों से पता चला है कि कई गाड़ियां लगभग 20 से 30 लाख से अधिक की मानी जाती है। लेकिन लाखों करोड़ों की कई गाड़ियां खड़ी-खड़ी कबाड़ में तब्दील हो चुकी है यहां के कर्ताधर्ता ने लाखों करोड़ों की गाड़ियों को कबाड़ में तब्दील होने के लिए छोड़ दिया सबसे बड़ी सवाल यह है कि गाड़ियां कबाड़ में खराब होकर यही पड़ी हुई है। जिसका ध्यान जवाबदेही अधिकारियों को नहीं रहता है चाम्पा शहर में नगर पालिका किस तरह से लोगों को सुविधा प्रदान कर पाएगी यह सोचने की विषय है नगर पालिका में खड़ी गाड़ियों में किसी में चक्का नहीं तो किस में ईंजन नहीं तो किस में पानी टंकी नही तो टंकी वाली गाड़ियों बड़ी बड़ी में छेद हैं। नगर पालिका सुलभ शौचालय के बगल में लगे पानी टंकी परिसर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के नाम पर खरीदी गई वाहनों की दुर्दशा देखी जा सकती है। यहां पर आधा दर्जन से भी ज्यादा हाथ रिक्शा ट्रैक्टर अन्य भारी वाहन खराब होकर एक साथ अलग-अलग जगह कोनों में पड़े हुए मिलेंगे ट्रैक्टर सेफ्टी मशीन अन्य वाहन खराब होकर पड़ी हुई हैं नगर पालिका इसे केवल कबाड़ करने के लिए शायद खरीदा है नगरपालिका के अधिकारियों के द्वारा रखे गाड़ियों को रिपेयरिंग करने के बजाय कबाड़ समझने लगे हैं तो वहीं धूप-बारिश के चलते बाहर में रखें रखें सालों से गाड़ियों को बेकार समझ कर छोड़ दिये हैं। समाचार लिखे जाने तक कबाड़ हो रहे हैं लाखों की मशीनों के संबंध में नगर पालिका के अध्यक्ष जय थवाईत से संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन उठाना उचित नहीं समझा गया।

### कचरा छांटने के लिए मशीन की खरीदी की गई थी - शर्मा

लाखों की मशीन खराब होकर कबाड़ में तब्दील हो रही के संबंध में भाजपा पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा का कहना है। 1 साल पहले नगर पालिका परिषद चाम्पा द्वारा कचरा छांटने के लिए लाखों की मशीन की खरीदी की गई थी जिसका उपयोग आज तक नगर पालिका द्वारा नहीं किया जा रहा है, जो पड़े-पड़े कबाड़ में तब्दील हो गयी हैं। वही पुराने ट्रैक्टरों व ट्रालियों का उपयोग नहीं किया जा रहा है, और अनाप-शनाप दरों में नया ट्रैक्टरों सहित मशीनों की खरीदी की जा रही है।

# तहसील कार्यालय का ताला तोड़कर दस्तावेज चोरी

**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। अज्ञात चोर ने पामगढ़ तहसील कार्यालय का ताला तोड़ा और वहां रखे राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी कर ली। सोने, चांदी के जेवरात व नकदी रकम नहीं मिलेगी यह तो उसे भी मालूम था, लेकिन वहां उसे कंप्यूटर सिस्टम मिला पर वह उसे भी नहीं ले गया। पुलिस के अनुसार सोमवार की रात अज्ञात चोर बिलासपुर- शिवरीनारायण मेन रोड में संचालित तहसील कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुस गया।

शातिर चोर ने घुसने से पहले तहसील परिसर में लगे सभी सीसीटीवी को बंद कर दिया था। इसके बाद एक के बाद एक-एक कर तीनों प्रमुख कार्यालय जहां महत्वपूर्ण रिकार्ड होने की संभावना थी, उन्हीं कमरों के ताले तोड़े और तलाशी ली। तहसील में चोरी होने की जानकारी 29 अगस्त को जब कार्यालय खोलने के लिए प्यून पहुंचा तब परिसर का ताला टूटा हुआ था। प्यून ने इसकी सूचना अन्य कर्मचारियों को दी इसके बाद मामले की शिकायत पामगढ़ पुलिस से की गई। पामगढ़ तहसील में पदस्थ नायब नाजिर ओमप्रकाश यादव ने बताया कि परिसर में लगे कम्प्यूटर सिस्टम व अन्य सामान सुरक्षित थे पर कमरों का ताला टूटा हुआ था अंदर सामान बिखरे हुए थे। कार्यालय से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज चोर द्वारा ले जाने की आशंका है। चोरी की घटना के बाद पामगढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोप के खिलाफ धारा 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 4 से

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दो दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 31 अगस्त से 01 सितंबर 2023 तक स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित किया गया था। खेल अधिकारी श्री मारकूस कुजूर ने बताया कि उक्त तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए अब छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 04 एवं 05 सितम्बर 2023 किया गया है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों के 0 से 18, 18 से 40 व 40 से अधिक आयु वर्ग के विकासखण्ड व क्लस्टर के विजेता प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 16 खेल विधायें सम्मिलित है। प्रथम दिवस संखली, बिल्लस, भौंरा, रस्सीकूद, कबड्डी, रस्सा-कस्सी एवं कुश्ती की प्रतियोगितायें होगीं। इसी प्रकार क्रमश: द्वितीय दिवस में गिल्ली डण्डा, पिट्ठूल, लंगडी दौड़, खो-खो, बाटी, फुगडी, गेडी दौड़, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

### अवैध उत्खनन 17 वाहन जब्त

**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजस्व एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के पीथमपुर, बिरगहनी, केवा, नवापारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाये जाने पर 17 वाहनों पर कार्यवाही किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन कार्य में संलग्न वाहन जिसमें 01 जेसीबी, 03 नग हाईवा एवं 13 ट्रैक्टर पर जब्ती की कार्यवाही की गई तथा उक्त वाहनों को माइनिंग इंस्पेक्टर को सुपुर्द किया गया। उक्त वाहन एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# शुक्ला की पुण्य तिथि मनाई गई, नेता प्रतिपक्ष के साथ वरिष्ठ नेता हुए शामिल



**जांजगीर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। जीवन तो सभी जीते हैं, लेकिन जो लोग अपने जीवनकाल में समाज के लिए कुछ करके जाते है वे अपने जीवन के बाद भी याद किए जाते हैं। रामचरित मानस भी हमें कर्तव्य बोध कराने के साथ यही सीख देता है और तुलसी गांव से निकलकर जिसने इस क्षेत्र में मानस की अलख जगाई उनकी स्मृति में विगत सात वर्षों से मानस गायन व प्रवचन का आयोजन सराहनीय और स्तुत्य है।

ये बातें विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कही। वे मंगलवार 29 अगस्त को नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी के प्रथम सरपंच, मानस मर्मज्ञ पं. सुशील शुक्ला की सातवीं पुण्यतिथि पर गृह ग्राम तुलसी में आयोजित अखंड रामायण पाठ एवं रामचरित मानस गायन व मानस मंडली के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री चंदेल ने कहा कि तुलसी ग्रामवासियों का मानस प्रेम अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस हमें जीवन जीने की सीख देता है। व्यक्ति का अपने समाज, परिवार और राष्ट्र के प्रति क्या कर्तव्य है इसका बोध होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे रामचरित मानस की अलख जगाने का काम पं. शुक्ला ने किया। जहां कही नवधा रामायण होता उनकी उपस्थिति सुनिश्चित होती। दूसरों की मदद के लिए भी वे हमेशा तत्पर रहते। उनकी स्मृति में प्रत्येक मंगलवार को मानस गायन व प्रवचन का आयोजन तथा पुण्य तिथि पर मानस गायन करने वाली मंडली को सम्मानित करने का यह कार्यक्रम सराहनीय व अनुकरणीय है। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुराज प्रसाद पांडेय, दिनेश शर्मा, कृष्णकुमार पांडेय, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. परस शर्मा ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों ने स्व शुक्ला के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात पूजा-अर्चना कर रामचरित मानस गायन व प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने पंडित शुक्ला की स्मृति में विगत सात वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को रामचरितमानस गायन एवं प्रवचन करने वाली जगदंबा मानस मंडली तुलसी के सभी पदाधिकारियों सदस्यों को शाल, श्री फल एवं श्रीराम अंकित गमछा से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सतीश सिंह ने पंडित शुक्ला के मानस प्रेम और समाज सेवा के कार्यों की सराहना की। साथ ही मानस मंडली द्वारा मानस गायन व प्रवचन के साथ इस कार्यक्रम को सांस्कृतिक स्वरुप प्रदान करने के लिए सभी मंडली के साथ आयोजकों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम का समापन श्रीराम चरित मानस की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर शिवरीनारायण नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, डॉ. बलदेव शर्मा, केके शुक्ला, सुबोध शुक्ला,डॉ. सौरभ शर्मा, अरुण तिवारी, भाजपा नेता संजीव बंजारे, मजिद खान, केरा सरपंच लोकेश शुक्ला, राजेन्द्र शर्मा,आशीष शुक्ला धनुलाल तिवारी, देवेन्द्र शुक्ला, सुखीराम कश्यप, सम्मेलाल यादव, हेमलाल यादव, जगेशर कश्यप, जगदंबा मानस मंडली के देवराज कश्यप, लखन साहू, लक्ष्मी कश्यप, छहुरा यादव, श्यामलाल कश्यप, लकेश विश्वकर्मा, उमेन्द्र केंवट, उत्तमदास, दिलहरण भैना, सुखदेव यादव, छेदीलाल निर्मलकर, माखनलाल साहू, राजकुमार नागेश, रामचरण नागेश के साथ विशेष सहयोगी किशोर कश्यप, उमाकांत कश्यप, रमेश केंवट, राजाराम साहू, गोपाल कश्यप, सूरज नागेश, मिथलेश कश्यप, हेमराज कश्यप, गौरव कश्यप, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हाथियों के पहुंचते ही मिलेगी ग्रामीणों को कॉल व एसएमएस से जानकारी



**सारंगढ़** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के बाद भारत की दिशा और दशा दोनों ही बदल गई है एक समय था देश की पहचान निचले पायदान पर होता था और एक समय आज है जहा देश दुनिया भारत का गुणगान करते नहीं थकते जिसका सबसे बड़ा मुख्य कारण है टेक्नोलॉजी आजादी के 77 वर्षो में भारत का विकास मॉडल टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया तमाम क्षेत्र चाहे शासकीय हो या निजी हर स्तर मे टेक्नोलॉजी का स्तेमाल किया जा रहा और अब वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर स्तेमाल कर जानकारी के साथ सुरक्षा की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है जंगल और जंगली जीव पर वन विभाग की होगी पैनी नजर महज चंद सेकेंड में गांव कस्बे में निवासरत जनसमूह को मिलेगा जंगली जनतुवो की दस्तक की खबर इसके लिए वन विभाग ने टेक्नोलॉजी के साथ जुड़कर काम करने के लिए कदम बढ़ाया है खास कर यह कदम हाथियों की दस्तक पर नजर रख जानकारी मुहैया कराएगा सारंगढ़ बिलाईगढ़ वन मंडल डीएफओ श्री गणेश यू आर के निर्देश पर विभागीय टीम के साथ प्रशिक्षण बैठक कर जानकारी सांक्षा किया गया जिसमें बताया गया कि जंगल में विचरण करने वाले हाथियों के झुंड को रोकने के लिए अब वन विभाग मोबाइल टेक्नॉलाजी का स्तेमाल करने जा रहा है इसके लिए वन विभाग की टीम मोबाइल ऐप के माध्यम से हाथियों की हर गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे। साथ ही गांव के 10 किलोमीटर के दायरे में पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों को मोबाइल कालिंग व एलर्ट मैसेज के माध्यम से उन्हें सावधान कर दिया जाएगा। आपको बता दे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला चारो तरह से जंगलों से घिरा हुआ है जहा हाथियों का धमक होता रहता है विगत दिनों से हाथी लगातार सारंगढ़ जिले की वन परिक्षेत्र में विचरण करते दिखाई देते रहते है पिछले वर्षो में हाथियों की छुंड से बिछड़कर एक हाथी और नन्हा सावक भटककर ग्रामीण इलाकों मे आ पहुचा था जिसने खूब उत्पाद मचाया था और धन हानि के साथ जनहानि का भी नुकसान उठाना पड़ा था ,लगातार बढ़ते हाथियों का उत्पात को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा तरह-तरह के उपाय कर रहा है उसी कड़ी में मोबाइल ट्रेकिंग की सुविधा मिल के पत्थर साबित होगा , इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों को मोबाइल ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। जंगली हाथियों द्वारा मानव द्वंद कम करने में कारगर होगे। यह एनीमल एलर्ट ऐप एण्ड ओडीके कलेक्ट वन विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपयोगी मोबाईल एप्लीकेशन है। उक्त एप्लीकेशन के उपयोग से वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को हाथियों के उपस्थिति - होने संबंधी समय पर कॉल/ एसएमएस के माध्यम से अलर्ट/सचेत करने की सुविधांए दी गई है,

ऐसे काम करेगा सजग ऐप: वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक ओडीके माइल ऐप ओपन डाटा किट इस मोबाइल एप के माध्यम से ग्रामीणों के सकारात्मक सहयोग से हाथियों को निरंतर ट्रैक किया जायेगा तथा जिस क्षेत्र में हाथी उपलब्ध होगे वहां वन विभाग की टीम मौके पर- पहुंचेगी और हाथी का जीपीएस से लोकेशन ट्रेस कर उस डाटा को मोबाइल पर डाला जाएगा और जिसके उपरांत एसओएस एलट सिस्टन तथा कॉलिंग एण्ड एसएमएस एलर्ट के माध्यम से हाथियों के उपस्थिति की सूचना दी जायेगी। बताया जाता है कि इस ऐप को जल्द ही शुरु किया जाएगा और इस ऐप में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों का नंबर भी जोड़ा जाएगा। जैसे ही हाथो उनके गांव। के 10 किलोमीटर के दायरे में पहुंचेगा इसकी जानकारी तुरत क्षेत्र के ग्रामीणों को कालिंग व एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। उक्त प्रशिक्षण सारंगढ़ बिलाईगढ़ वन मंडल के डीएफओ यू आर गणेश के निर्देश एवं उप वन मंडलाधिकारी अमिता गुप्ता,एवं अधीक्षक गोमर्डा अभ्यारण्य कृषाणु चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें वन परिक्षेत्राधिकारी सुरेंद्र अजय , राजू सिदार और सेवक राम बैगा एवं वनमंडल के डिप्टी रेंजर एवं बीट गार्ड उपस्थित रहे।

